सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-175
08/04/2018

मुख्यमंत्री ने तख्त श्रीहरिमंदिर साहिब गुरूद्वारा परिसर में सालस राय जौहरी दीवान हॉल का भूमि पूजन सह शिलान्यास किया

पटना, 08 अप्रैल 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना साहिब जाकर तख्त श्रीहरिमंदिर गुरुद्वारा में मत्था टेका। इस अवसर पर गुरुद्वारा के प्रमुख जत्थेदार ज्ञानी इकबाल सिंह जी ने अरदास किया। मुख्यमंत्री को गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी की ओर से अंगवस्त्र एवं सरोपा भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री के साथ केन्द्रीय मंत्री श्री एस0एस0 अहलुवालिया, बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, गुरुनानक निष्काम सेवा जत्था के प्रमुख बाबा मोहिंदर सिंह को भी गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी की ओर से अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के 350वें प्रकाश उत्सव की याद में मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा परिसर में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए बनाए जाने वाले सालस राय जौहरी दीवान हॉल का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने ईंट रखकर इसका औपचारिक भूमि पूजन किया। ज्ञातव्य है कि निर्मित होने वाले इस भवन के साथ रिहायशी कमरे एवं भूमिगत पार्किंग की व्यवस्था रहेगी।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी की तरफ से 350वें प्रकाश पर्व के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, प्रधान सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, प्रधान सचिव शिक्षा श्री आर0के0 महाजन, प्रधान सचिव नगर विकास श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, सचिव पर्यटन श्री पंकज कुमार, सचिव परिवहन श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मनु महाराज, वैशाली के पुलिस अधीक्षक श्री राकेश कुमार, पटना के डी0डी0सी0 श्री आदित्य प्रकाश, पटना के पूर्व ट्रैफिक एस0पी0 श्री प्राणतोष कुमार दास, ए0एस0पी0 श्री राकेश दूबे को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

******